E-Mail

बिहार सरकार
राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग
(भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय)
संचिका सं0–03 / भू0अ0नि0 (5) अपील–20 / 2023.........................

आदेश

"बिहार विशेष सर्वेक्षण मानदेय आधारित संविदा नियोजन नियमावली, 2019 के नियम–8(4)" में वर्णित प्रावधान के अन्तर्गत निदेशक, भू–अभिलेख एवं परिमाप, बिहार, पटना द्वारा पारित आदेश सं0–2640 दिनांक–03.04.2023 के विरूद्ध अपीलार्थी श्री हिमांशु कुमार, (Emp. ID No.- AEN02209), पूर्व विशेष सर्वेक्षण अमीन, बन्दोबस्त कार्यालय, शेखपुरा द्वारा प्रस्तुत अपील दायर किया गया है।

अपीलार्थी श्री हिमांशु कुमार के अपील की सुनवाई हेतु दिनांक–11.08.2023 को 04:00 बजे अपराह्न निर्धारित की गई, जिसकी सूचना अपीलार्थी की ई–मेल द्वारा प्रेषित की गयी है। निर्धारित तिथि एवं समय पर वाद की सुनवाई की गयी।

उभयपक्ष उपस्थित।

निदेशक, भू–अभिलेख एवं परिमाप, बिहार, पटना की ओर से मंतव्य दाखिल किया गया। प्रस्तुत अपील में उभयपक्षों को सुनकर अपील आदेश पर रखा गया है।

अपीलार्थी द्वारा दाखिल अपील अभ्यावेदन पर निदेशालय द्वारा दायर मंतव्य व अन्य अभिलेखों, साक्ष्यों के अवलोकनोपरान्त पाया गया कि इनके द्वारा नियोजन के समय समर्पित डिप्लोमा इन सिविल इंजीनियरिंग का अंक पत्र/प्रमाण–पत्र का सत्यापन हेतु निदेशालय पत्रांक–1519 दिनांक–15.02.2023 द्वारा Sarvepalli Radhakrishnan University, Bhopal (M.P) को भेजा गया।

उक्त प्रेषित पत्र के आलोक में कुलसचिव, Sarvepalli Radhakrishnan University, Bhopal (M.P) के पत्रांक–126 दिनांक–28.02.2023 द्वारा विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक के सत्यापनोपरान्त अपीलार्थी की डिग्री को Not Verified किया गया है। साथ ही कुलसचिव, Sarvepalli Radhakrishnan University, Bhopal ने अपने पत्रांक–199 दिनांक–16.03.2023 में स्पष्ट उल्लेख किया है कि "श्री हिमांशु कुमार आवेदन नं0 AEN02209 श्री हिमांशु कुमार द्वारा संलग्न की गई डिग्री क्र0 150823 विश्वविद्यालय द्वारा श्री हिमांशु कुमार को जारी नहीं की गई है"।

उक्त सत्यापन प्रतिवेदन के आलोक में भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय, बिहार, पटना के पत्रांक–2026 दिनांक–06.03.2023 द्वारा अपीलार्थी से फर्जी प्रमाण–पत्र के आधार पर नियोजन प्राप्त करने के विरूद्ध स्पष्टीकरण समर्पित करने की मांग की गयी। इनके द्वारा अपना स्पष्टीकरण दाखिल किया गया, जिसमें उल्लेख किया गया कि योगदान के समय जो प्रमाण–पत्र प्रस्तुत किया गया था, वो 6th Semester Certificate, Provisional और Main Degree था, जबकि नियोजन के समय सिर्फ Provisional और 1 to 6th तक का अंक प्रमाण'–पत्र उपलब्ध होना बताया गया, जो इन्हें विश्वविद्यालय द्वारा प्राप्त हुए थे। बाद में विश्वविद्यालय द्वारा स्पीड पोस्ड के माध्यम से फाईनल डिग्री प्राप्त हुआ, जिसे इन्होंने निदेशालय को 28.08.2020 को सभी दस्तावेजों के साथ साथ जमा किया गया है। अपीलार्थी द्वारा बताया गया कि Sarvepalli Radhakrishnan University ने दिनांक–28.02.2023 के पत्र द्वारा मेरे अंक पत्र को 'Verified' बताया है।

अपील अभ्यावेदन, निदेशालय द्वारा दाखिल मंतव्य एवं अपीलार्थी के कथन से स्पष्ट होता है कि विश्वविद्यालय के दिनांक–28.02.2023 के पत्र विरोधाभाषी है। एक तरफ विश्वविद्यालय प्रोविजनल प्रमाण–पत्र को Not Verified बताता है तो दूसरी तरफ अंक पत्र को 'Verified' बताया गया है। अपीलार्थी के प्रमाण–पत्रों की पुनः विश्वविद्यालय से सत्यापन की आवश्यकता प्रतीत होती है।

अतः श्री हिमांशु कुमार, (Emp. ID No.- AEN02209), संविदा समाप्त, पूर्व विशेष सर्वेक्षण अमीन, बन्दोबस्त कार्यालय, शेखपुरा द्वारा नियोजन के समय प्रस्तुत प्रमाण–पत्रों का Sarvepalli Radhakrishnan University, Bhopal से पुनः सत्यापन करायी जाय।

अगली तिथि सत्यापन प्रतिवेदन प्राप्त होने के बाद अपील को रखे।

ह0 / –
अपर मुख्य सचिव–सह–
अपीलीय प्राधिकार

बिहार सरकार
राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग
(भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय)

E-Mail

ज्ञापांकः– 03 / भू0अ0नि0 (5) अपील–20 / 2023.....8608.......**पटना, दिनांक :**–...19/10/2023...

प्रतिलिपिः– श्री हिमांशु कुमार, (Emp. ID No.- AEN02209), (संविदा समाप्त) पूर्व विशेष सर्वेक्षण अमीन, बन्दोबस्त कार्यालय, शेखपुरा, himanshu.talktohim@gmail.com को सूचनार्थ प्रेषित।

27/9/23

(अनिल कुमार सिंह)
सहायक निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप,
बिहार, पटना

ज्ञापांकः– 03 / भू0अ0नि0 (5) अपील–20 / 2023.....8608.......**पटना, दिनांक :**–...19/10/2023...

प्रतिलिपिः– बन्दोबस्त पदाधिकारी, शेखपुरा, सहायक बन्दोबस्त पदाधिकारी (मु0), शेखपुरा को सूचनार्थ प्रेषित।

27/9/23

सहायक निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप

ज्ञापांकः– 03 / भू0अ0नि0 (5) अपील–20 / 2023.....8608.......**पटना, दिनांक :**–...19/10/2023...

प्रतिलिपिः– प्रशाखा पदाधिकारी, भू–अभिलेख एवं परिमाप, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

27/9/23

सहायक निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप

ज्ञापांकः– 03 / भू0अ0नि0 (5) अपील–20 / 2023.....8608.......**पटना, दिनांक :**–...19/10/2023...

प्रतिलिपिः– निदेशक कोषांग, भू–अभिलेख एवं परिमाप, बिहार, पटना के आप्त सचिव को सूचनार्थ प्रेषित।

27/9/23

सहायक निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप

ज्ञापांकः– 03 / भू0अ0नि0 (5) अपील–20 / 2023.....8608.......**पटना, दिनांक :**–...19/10/2023...

प्रतिलिपिः– श्रीमती सरिता कुमारी, प्रोग्रामर, भू–अभिलेख एवं परिमाप, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

27/9/23

सहायक निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप